बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– **ceo_bihar@eci.gov.in**

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 13.05.2024

- बिहार राज्य के चतुर्थ चरण अन्तर्गत कुल 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा, 14–दरभंगा, 22–उजियारपुर, 23–समस्तीपुर (अ0जा0), 24–बेगूसराय एवं 28–मुंगेर में आज दिनांक 13.05.2024 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 9,447 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 5,398 है तथा 56.85 प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित) निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 2019 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संख्या एवं नाम	लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित)	लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 में मतदान प्रतिशत
14–दरभंगा	56.63	58.19
22–उजियारपुर	56.00	60.07
23–समस्तीपुर (अ0जा0)	58.10	60.63
24–बेगूसराय	58.40	62.29
28–मुंगेर	55.00	54.84
कुल प्रतिशत	**56.85**	**59.20**

- चतुर्थ चरण के 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत Flying Squad, SST एवं अन्य एजेन्सियों द्वारा कुल ₹1.39 करोड़ नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस द्वारा कुल 1,35,970 लीटर शराब जब्त किया गया है, जिसका मूल्य लगभग ₹4.98 करोड़ है।
- चतुर्थ चरण के निर्वाचन में Reserve सहित कुल 11,331 कंट्रोल यूनिट, 11,370 बैलेट यूनिट तथा 12,529 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 49 कंट्रोल यूनिट, 45 बैलेट यूनिट तथा 57 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। जबकि 18 कंट्रोल यूनिट, 18 बैलेट यूनिट तथा 114 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।
- चतुर्थ चरण के निर्वाचन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु 1 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 5
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 5
- पुलिस प्रेक्षकों की संख्या – 3
- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 1,271
- मॉडल मतदान केन्द्रों की संख्या – 43
- पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 32

- PwD द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 17
- 4,810 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।
- चतुर्थ चरण में कुल 55 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 51 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 04 है।
- चतुर्थ चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 95,83,662 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 50,49,656, महिलाओं की संख्या 45,33,813 तथा Third Gender की संख्या 193 है।
- चतुर्थ चरण में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 19,848 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 18,644 तथा महिलाओं की संख्या 1,204 है।
- मुंगेर जिला में 204, समस्तीपुर में 194, लखीसराय में 93, दरभंगा में 281 एवं बेगूसराय में 327 अर्थात कुल 1,099 ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया, जहाँ अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं थी। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शामियाना की व्यवस्था की गयी। साथ ही चतुर्थ चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर पीने का पानी, Dedicated Medical Staff, Quick Medical Team with ambulance आदि की व्यवस्था की गयी।
- चतुर्थ चरण के 28–मुंगेर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 167–सूर्यगढ़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पूर्व में मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित था। राजनैतिक दलों एवं अन्य हितधारकों के साथ विमर्श के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में विद्यमान गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुल 349 मतदान केन्द्रों में से मात्र 119 मतदान केन्द्रों को छोड़कर शेष सभी अर्थात कुल 230 मतदान केन्द्रों पर मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुनर्निर्धारित किया गया। इस प्रकार चतुर्थ चरण अन्तर्गत 5 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 9447 मतदान केन्द्रों में से मात्र 119 मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान सम्पन्न कराया गया।
- आज मतदान के दौरान कुल 62 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- आज मुंगेर जिला अन्तर्गत 165–मुंगेर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 210 के मतदान कर्मी (P1) श्री ओंकार कुमार चौधरी की Mock Poll के पूर्व असामयिक मृत्यु हो गयी।
- शेष कहीं से अप्रिय घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं है तथा मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।

****